समाचार

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रत्येक वर्ग के लिए क्रियान्वित की जनकल्याणकारी योजनाएँ–राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया इतवारी बाजार में पौनी पसारी बाजार योजना का लोकार्पण, हितग्राहियों को आबंटन पत्र प्रदान किए)

(नगर निगम कोरबा के सभी 04 पौनी पसारी बाजार बनकर तैयार)

कोरबा 08 अगस्त 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएँ क्रियान्वित की हैं। किसान, गरीब, श्रमिक, खेतिहर मजदूर सभी के लिए योजनाएँ बनाई गई तथा उनका सफल क्रियान्वयन किया गया है। उन्होने कहा कि पौनी पसारी बाजार योजना के तहत बनाए गए चबूतरों, पसरों एवं वहां उपलब्ध सुविधाओं से परम्परागत व्यवसाय करने वाले को सुविधापूर्ण स्थल प्राप्त हो गया है।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आज इतवारी बाजार कोरबा में आयोजित पौनी पसारी बाजार के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पौनी पसारी योजनातंर्गत इतवारी बाजार कोरबा में 30, बुधवारी बाजार में 15 , मुड़ापार बाजार में 15 एवं प्रेमनगर दर्री में 15 शेडयुक्त चबूतरों/पसरों का निर्माण कराया गया है तथा सभी पौनी पसारी बाजार बनकर पूर्ण रूप से तैयार हो चुके हैं, इन बाजारों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आज इतवारी बाजार में निर्मित सर्वसुविधायुक्त पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उनके करकमलों से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने फीता काटकर एवं लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर पौनी पसारी बाजार का लोकार्पण किया तथा हितग्राहियों को आबंटन पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, उनके आर्थिक एवं जीवन स्तर को सुधारने तथा उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन यापन हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु दृढ़संकल्पित है, इस दिशा में शासन ने दर्जनों योजनाओं का क्रियान्वयन किया है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होने कहा

कि पौनी पसारी योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि परम्परागत व्यवसाय करने वाले लोगों को अपने व्यवसाय संचालन हेतु सुविधापूर्ण स्थान एवं बाजार मिल सके, जहां पर वे सुविधा एवं सम्मान के साथ अपने व्यवसाय संचालित कर सके।

सरकार ने बनाई जनकल्याणकारी सरकार की छबि–इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल तथा उनके मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों को बहुत–बहुत साधुवाद व आभार है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विगत ढाई वर्षो के दौरान दर्जनों जनहितैषी योजनाओं का कियान्वयन कर समाज के सभी वर्गो को लाभ पहुंचाया गया है तथा इन सबकी बदौलत छत्तीसगढ़ सरकार की छबि एक जनकल्याणकारी सरकार के रूप में सामने आई है। उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की कार्यशैली एवं स्वभाव से हम सभी परिचित हैं, उन्होने सदैव सबके सुख–दुख में सहयोग दिया है तथा कोरबा के विकास एवं आमजन के हितों के लिए लगातार संघर्ष करके कोरबा के विकास को एक नई दिशा दी है।

इन हितग्राहियों को मिले आबंटन पत्र–राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान 15 महिला हितग्राहियों एवं 15 पुरूष हितग्राहियों को चबूतरों के आबंटन पत्र प्रदान किए तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। महिला हितग्राहियों में श्रीमती शकुंतला महंत, सरिता जायसवाल, हीरावती जायसवाल, कविता सारथी, पारिमा बंसौर, बेबी गुप्ता, रसीदन बी, राधिका बाई, कुमारी कुम्हार, सुशीला बाई, सुनीता बाई कुम्हार, बुधवारा बाई, परमेश्वरी श्रीवास, गुरूवारा बाई सोनी, कलावती आदि हितग्राही को आबंटन पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार पुरूष हितग्राहियों में गजानंद प्रसाद निर्मलकर, दीपक श्रीवास, दिनेश श्रीवास, श्यामसुंदर रोहिदास, राजेन्द्र बुंदे, राजेन्द्र खुंटे, साधराम जायसवाल, रविशंकर सिंह, उमेश गोस्वामी, आकाश तिवारी, छबिलाल, करन कुम्हार, ओमप्रकाश श्रीवास, मो.शहजादा तथा श्यामू सोनी आदि हितग्राहियों को आबंटन पत्र दिए गए।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद व प्रदेश कांग्रेस प्रबंध कार्यकारणी सदस्य सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन कांउसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पार्षद दिनेश सोनी, एल्डरमेन सनददास दीवान, बच्चूलाल मखवानी, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, महेश अग्रवाल, गीता महंत, इतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष हाजी अमीन मेमन, रानी रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, शैलेष सोमवंशी, महेन्द्र निर्मलकर, दुकालू श्रीवास, बनवारी पाहुजा, श्यामसुंदर अग्रवाल, राज अग्रवाल, हाजी इकबाल दयाला, भुनेश्वर राज, सुरेश रोहरा, कन्हैयालाल कलवानी, सरस्वती निर्मलकर, रामगोपाल दुबे, खगेश्वर सिंह, वीरेन्द्र सोनी, प्रकाश ठाकुर, मूरली अग्रवाल, रहीम मेमन, श्याम कलवानी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।